8.2 खरीदार उत्पादकों को इन दिशानिर्देशों के अनुसार थर्मल विद्युत से परिपूरित अक्षय ऊर्जा विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए और आरटीसी अक्षय ऊर्जा विद्युत आपूर्ति हेतु आरएफएस में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेगा।

8.3 आरएफएस तथा मसौदा पीपीए सहित बोली दस्तावेज खरीदार द्वारा इन दिशानिर्देशों तथा एसबीडी के अनुरूप तैयार किया जाएगा।

8.4 खरीदार इसके व्यापक प्रचार के लिए कम से कम दो राष्ट्रीय समाचार पत्रों में तथा अपनी वेबसाइट में आरएफएस नोटिस प्रकाशित करेगा।

8.5 खरीदार प्रत्याशित बोलीदाताओं के लिए बोली-पूर्व सम्मेलन का अवसर प्रदान करेगा तथा किसी भी बोलादाता के लिए निविदा दस्तावेजों की लिखित व्याख्या उपलब्ध कराएगा जिसे सभी अन्य बोलीदाताओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। सभी सम्बद्ध पार्टियां पूरी तरह लिखित पत्राचार पर ही भरोसा करेंगी। बोली दस्तावेजों से संबंधित किसी प्रकार का स्पष्टीकरण या संशोधन को पर्याप्त जानकारी हेतु खरीदार की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बोली दस्तावेजों के संबंध में किसी भी तरह के संशोधन का या सुधार किए जाने पर बोलीदाताओं को बोलियाँ प्रस्तुत करने के लिए तब से कम से कम 7 दिन का समय दिया जाएगा।

9. चयन के लिए अनुरोध (आरएफएस) दस्तावेज

आरएफएस दस्तावेज में खरीदार द्वारा किए जाने वाले मानक प्रावधानों में निम्नलिखित शामिल होंगे और उनमें उपयुक्त रूप से विस्तार किया जा सकता है:

9.1 बोली उत्तरदायित्वता

बोली का मूल्यांकन तभी किया जाएगा जब वह पूर्ण उत्तरदायी हो और अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शर्तों को पूरा करे।

(क) बोलीदाता या उसका कोई भी सहयोगी किसी भी ऋणदाता का जान-बूझकर चूककर्ता न रहा हो।

(ख) बोलीदाता या उसके किसी सहयोगी के खिलाफ ऐसी कोई बड़ी मुकदमेबाजी लंबित न हो या उसकी आशंका न हो, जिससे परियोजना आरंभ करने के लिए बोलीदाता की योग्यता या उपयुक्तता पर संदेह होता हो।

9.2 बोलीदाताओं द्वारा पूरी की जाने वाली आवश्यक योग्यता

9.2.1 तकनीकी मानदंड:

सरकार भागीदारी बढ़ाकर प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करना चाहेगी। हालांकि, परियोजनाओं का यथोचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए खरीदार बोलीदाताओं के पिछले अनुभव आदि जैसे तकनीकी मानदंड का उल्लेख कर सकता है। ऐसे परियोजना विकासकों, जिनके द्वारा मानदंड पूरे किए जाने की संभावना हो, की संख्या के मूल्यांकन के बाद ऐसे मानदंड तय किए जाने चाहिए ताकि प्रतिस्पर्धा का समुचित स्तर हासिल किया जा सके।

9.2.2 वित्तीय मानदंड

(क) निवल मूल्य

(i) खरीदार आवश्यक योग्यता के भाग के रूप में निवल मूल्य में वित्तीय मानदंड का उल्लेख करेगा। यह विचार करते हुए कि उत्पादक अक्षय ऊर्जा (आरई) और तापीय विद्युत दोनों की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार है, अतः अनुमानित आरई परियोजना लागत का कम से कम 30 प्रतिशत (तीस प्रतिशत) निवल मूल्य आवश्यक होना चाहिए।

(ii) उपरोक्त प्रयोजन के लिए विचार किए जाने वाला निवल मूल्य बोलीदाता कंपनी या संघ (कंसोर्टियम) का संचयी निवल मूल्य होगा, जिसमें बोलीदाता(ओं) की ऐसी सहायक कंपनियों का निवल मूल्य शामिल होगा जो आरएफएस दस्तावेज के अनुसार, बोलीदाता(ओं) के ऐसा करने में विफल होने पर अपेक्षित फंडिंग और निष्पादन तथा गारंटियां दी जा सके।

(iii) यह स्पष्ट किया जाता है कि इस क्लॉज के लिए विचार किए जाने वाले निवल मूल्य की गणना कंपनी अधिनियम के अनुसार की जाएगी।

(ख) लिक्विडिटी (चल निधि)

यह आवश्यक है कि परियोजना के लिए आवश्यक निधि की व्यवस्था करने के लिए बोलीदाता के पास पर्याप्त नकदी (कैश फ्लो)/आंतरिक प्राप्तियाँ/बैंक व्यवस्था है। तदनुसार, खरीदार वार्षिक टर्नओवर, आंतरिक संसाधन जुटाने, बैंक व्यवस्था/ऋण व्यवस्था, बोली लगाने की क्षमता इत्यादि जैसे उपयुक्त मापदंडों का भी उल्लेख कर सकता है।

9.3 बयाना राशि (ईएमडी) की मात्रा

खरीदार बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली बैंक गारंटी/भुगतान वचन पत्र/कॉर्पोरेट गारंटी के रूप में बयाना जमा (ईएमडी) राशि का उल्लेख करेगा। निर्धारित समय अवधि के भीतर पीपीए का निष्पादन करने में उत्पादक की विफलता के कारण इन दिशानिर्देशों में यथा परिभाषित ईएमडी की जब्ती या ब्लैकलिस्टिंग/डिबार्रिंग (निषेध) आदि की जाएगी।

9.4 विदेशी बोलीदाताओं द्वारा एफडीआई कानून का अनुपालन

यदि किसी विदेशी कंपनी को सफल बोलीदाता के रूप में चुना जाता है, तो वह भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश से संबंधित सभी कानूनों और प्रावधानों का पालन करेगी।

10. बोली प्रक्रिया के लिए सूचक समय सारणी

10.1 बोली प्रक्रिया में आरएफएस दस्तावेजों को जारी करने और बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के बीच 22 (बाइस) दिनों की न्यूनतम अवधि दी जाएगी। बोली प्रक्रिया के लिए सूचक समय-सारिणी नीचे दी गई है:-

बोली प्रक्रिया के लिए सूचक समय-सारणी		
क्र.सं.	**कार्य वृतांत**	**शून्य तारीख से व्यतीत समय**
1	दस्तावेज चयन के लिए अनुरोध (आरएफएस) जारी करने, परियोजना विशिष्ट मसौदा विद्युत खरीद करार व अन्य मसौदा परियोजना करार और विद्युत बिक्री करार (पीएसए), यदि लागू हो, की तारीख।	शून्य तारीख

2	बिड क्लेरीफिकेशन, कान्फ्रेंस, साइट सहित परियोजना के सभी विशिष्ट विवरण साझा करने के लिए ऑनलाइन डेटा कक्ष खोलना, यदि खरीदार द्वारा उल्लेख किया गया हो, और आरएफएस में संशोधन।	**
3	आरएफएस बोली प्रस्तुत करना	22 दिन
4	तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन	64 दिन
5	वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन और ई-रिवर्स नीलामी करना	99 दिन
6	आशय पत्र [लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई)] जारी करना	110 दिन
7	पीपीए और पीएसए पर हस्ताक्षर (यदि लागू हो)	140 दिन

**आरएफएस दस्तावेज में किसी बदलाव के मामले में, खरीदार इन दिशानिर्देशों के क्लॉज 8.5 के अनुसार बोलीदाताओं को अतिरिक्त समय देगा।

नोटः यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि खरीदार बोली प्रक्रिया में किसी भी कार्य के लिए अधिक समय देता है, तो उस कार्य से पहले पूरी होने वाली आवश्यक गतिविधियां रोकने में विलंब के कारण या किसी अन्य कारण से इस तरह के समय विस्तार को किसी भी तरह से इन दिशानिर्देशों से अलग नहीं माना जाएगा।

10.2 सामान्य परिस्थितियों में, बोली प्रक्रिया 110 (एक सौ दस) दिनों की अवधि में पूरी हो जानी चाहिए।

10.3 इन दिशानिर्देशों के तहत विद्युत की खरीद के लिए कोई भी बोली जारी करने से पहले नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्यस्थ खरीदार के रूप में नामित सभी केन्द्रीय एजेंसियाँ, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से मंजूरी लेगी ताकि बोली प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने और इष्टतम टैरिफ प्राप्त करने के लिए उपयुक्त तरीके से बोलियां निर्धारित की जा सके।

11. अनुबंध प्रदान करना और समाप्त करना

11.1 पीपीए पर सफल बोलीदाता/परियोजना कंपनी या सफल बोलीदाता द्वारा स्थापित एसपीवी के हस्ताक्षर होंगे।

11.2 आरएफएस बोलियों के मूल्यांकन के लिए खरीदार एक समिति का गठन करेगा। बोली प्रक्रिया के निष्कर्ष के बाद आरएफएस बोलियों के मूल्यांकन के लिए गठित मूल्यांकन समिति, गंभीरतापूर्वक गुणदोष की दृष्टि से बोलियों का मूल्यांकन करेगी और उपयुक्त रूप से यह प्रमाणित करेगी कि बोली प्रक्रिया और मूल्यांकन आरएफएस के प्रावधानों के अनुरूप किए गए हैं। मूल्यांकन प्राधिकारी को यह संतुष्टि होनी चाहिए कि चयनित प्रस्ताव युक्तिसंगत तथा आवश्यकता के अनुरूप है। यदि अंकित दरें मौजूदा बाजार की कीमतों के अनुसार नहीं है, तो मूल्यांकन समिति को सभी मूल्य की बोलियां रद्द करने का अधिकार होगा।

11.3 पारदर्शिता के प्रयोजन से, खरीदार, पीपीए के निष्पादन के बाद सार्वजनिक रूप से सफल बोलीदाता (ओं) के नामों और घटकों के ब्यौरे, यदि कोई है, के साथ उनके द्वारा अंकित टैरिफ का खुलासा करेगा। यह सार्वजनिक खुलासा कम-से-कम 30 दिनों के लिए खरीदार की वेबसाइट पर डालकर, किया जाएगा।

11.4 यथास्थिति अधिनियम के प्रावधानों के अध्यधीन, वितरण लाइसेंसधारी या मध्यस्थ खरीदार, इन दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित पारदर्शी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया में ई-रिवर्स नीलामी या अन्य के माध्यम से टैरिफ की प्रस्तुति के 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अधिनियम की संगत धाराओं के तहत खरीदी जाने वाली बिजली की मात्रा तथा प्रस्तुत टैरिफ को लागू करने के लिए उपयुक्त आयोग से संपर्क करेगा।

11.5 वितरण लाइसेंसधारी या मध्यस्थ खरीदार यथास्थिति मामले में टैरिफ लागू करने के लिए उपयुक्त आयोग से संपर्क करता है, तो इस प्रकार के अनुरोध के साठ दिनों के भीतर या विद्युत बिक्री करार (पीएसए) की तिथि से 120 (एक सौ बीस) दिनों के भीतर, जो भी अधिक हो, उपयुक्त आयोग द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है, तो खरीदार उपयुक्त आयोग द्वारा इसे लागू करने / अनुमोदित करने में इस प्रकार के अनुरोध के [60 (साठ) से अधिक दिनों के विलंब अथवा विद्युत बिक्री करार (पीएसए) 120 (एक सौ बीस) दिनों से अधिक के विलम्ब, जो भी अधिक हो], के अनुसार, उत्पादक को चालू करने के निर्धारित समय या निर्धारित आपूर्ति तिथि में उचित विस्तार करेगा यदि उत्पादक ने उपयुक्त आयोग द्वारा इसे लागू करने/अनुमोदित करने की तिथि तक साइट पर कोई कार्य शुरु नहीं किया हो।

12. बैंक गारंटी/कॉर्पोरेट गारंटी/भुगतान आदेश पत्र/वचन पत्र

उत्पादक को आरएफएस की शर्तों में खरीदार को भुगतान करने के लिए निम्नलिखित बैंक गारंटी/कॉर्पोरेट गारंटी/वचन पत्र देना होगा।

12.1 बयाना जमा राशि (ईएमडी), खरीदार द्वारा निर्धारित की जाएगी, लेकिन यह उस वित्तीय वर्ष के आरई विद्युत परियोजना लागत की अनुमानित पूंजी लागत के 2 प्रतिशत (दो प्रतिशत) से अधिक नहीं होगी, जो आरएफएस के रिस्पांस के साथ निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी:-

क) बैंक गारंटी

या

ख) भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था (इरेडा)/पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (पीएफसी)/आरईसी लि. (आरईसी) से निविदा की शर्त में उत्पादक के चूक करने की स्थिति में भुगतान करने के लिए "भुगतान आदेश पत्र"/वचन पत्र।

*"*भुगतान आदेश पत्र*" ("*पेमेंट ऑन ऑडर इंस्ट्रुमेंट*")* का तात्पर्य भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) या पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (पीएफसी) या आरईसी लि. (आरईसी) *[*नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई)/विद्युत मंत्रालय (एमओपी) के अंतर्गत तीन गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान*]* से निविदा शर्तों/विद्युत खरीद करार (पीपीए) के संदर्भ में उत्पादक से हुई चूक की स्थिति में भुगतान करने के लिए वचन पत्र से है। इस तरह के पत्र *(*पत्रों*)* का प्रभाव किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के समान प्रभाव होगा। इस तरह के *"*भुगतान आदेश पत्र*"*में किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा रखी गई बैंक गारंटी के समान नियम और शर्तें होंगी और निर्धारित समय के भीतर खरीदार को भुगतान करने का वादा किया जाएगा। उपरोक्त तीन गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (इरेडा, पीएफसी और आरईसी) को विधिवत् प्रतिभूति प्रदान करके उत्पादक ऐसे पत्रों की मांग कर सकते हैं। खरीदार इरेडा, पीएफसी और आरईसी को छोड़कर किसी भी अन्य गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों या बैंक से उपरोक्त या कोई अन्य *"*लैटर ऑफ अंडरटेकिंग (वचन पत्र)*"*दस्तावेज स्वीकार नहीं करेगा।

12.2 निष्पादन गारंटी (पीबीजी) खरीदार द्वारा निर्धारित की जाएगी, लेकिन ऐसे वित्तीय वर्ष जिसमें बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, के लिए अनुमानित आरई विद्युत परियोजना लागत का 5 प्रतिशत (पांच प्रतिशत) से अधिक नहीं होना चाहिए जिसे पीपीए पर हस्ताक्षर करने के समय निम्नलिखित तरीके से प्रस्तुत किया जाना है:-

क. बैंक गारंटियां

या

ख. भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) / पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (पीएफसी) और आरईसी लि. (आरईसी) से विद्युत खरीद करार (पीपीए) के संदर्भ में आरई विद्युत उत्पादकों की चूक की स्थिति में भुगतान करने के लिए भुगतान आदेश पत्र/वचन पत्र।

12.3 अन्य उपायों के अलावा यह पीबीजी (या इन दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदत्त कोई विकल्प) पीपीए के संदर्भ में उत्पादक की किसी क्षति/बकाया की वसूली के लिए भुनाई जा सकती है। इसके द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि पीपीए के तहत उत्पादक की चूक होने पर पीबीजी को भुनाकर मध्यस्थ खरीदार द्वारा प्राप्त की गई क्षतियां / बकायों की राशि को इन दिशानिर्देशों के क्लॉज 7.3.2 के तहत मध्यस्थ खरीदार द्वारा प्रबंध किए जाने वाले भुगतान सुरक्षा कोष में जमा किया जाएगा। पीबीजी (या इन दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध विकल्प) परियोजना के चालू होने के 45 दिनों के अंदर उत्पादक को वापस कर दिए जाएंगे। आंशिक रूप से चालू करने के मामले में, चालू की गई आंशिक क्षमता के अनुसार इस तरह आंशिक रूप से चालू किए जाने के 45 दिनों के अंदर पीबीजी वापस की जाएगी।

12.4 खरीदार निष्पादन बैंक गारंटी (पीबीजी) के रूप में उत्पादक द्वारा प्रस्तुत बैंक गारंटी को अवमुक्त कर सकता है, यदि उत्पादक भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लि. (इरेडा) या पावर फाइनेंस लि. (पीएफसी) या आरईसी लि. (आरईसी) से विद्युत खरीद करार (पीपीए) के संदर्भ में उत्पादक की चूक की स्थिति में भुगतान करने के लिए इसके स्थान पर "भुगतान आदेश पत्र"/वचन पत्र देने में सक्षम हो। उत्पादक कार्यान्वयन एजेंसियों के पास पहले से रखी उनकी बैंक गारंटी को बदलवाने के लिए उपरोक्त तीन गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (इरेडा, पीएफसी और आरईसी) को समुचित प्रतिभूति प्रदान करके ऐसे पत्र की मांग कर सकता है।

13. वित्तीय खाता बंद

13.1 आरटीसी विद्युत उत्पादक, पीपीए के संदर्भ में निम्नलिखित समय के भीतर वित्तीय खाता बंदी करेगाः

(क) 500 मेगावाट तक के परियोजना आकार के लिए विद्युत खरीद करार के निष्पादन की तिथि से 12 (बारह) माह;

(ख) 500 मेगावाट से बड़ी परंतु 1000 मेगावाट तक की परियोजना के लिए विद्युत खरीद करार के निष्पादन की तिथि से 18 (अठारह) माह;

(ग) 1000 मेगावाट से बड़ी आकार की परियोजना के लिए विद्युत खरीद करार के निष्पादन की तिथि से 24 (चौबीस) माह;

13.2 तथापि, यदि किसी भी कारणवश, वित्तीय खाता बंदी करने की अवधि इन दिशानिर्देशों में की गई व्यवस्था से कम करने की जरूरत पड़ती है, तो खरीदार ऐसा कर सकता है।

13.3 ऐसा न होने पर खरीदार पीबीजी का नकदीकरण कर सकता है बशर्ते कि देरी का कारण सरकार द्वारा जमीन के आवंटन में देरी रहा हो, न कि आरटीसी विद्युत उत्पादक के कृत्य/अकृत्य अथवा किसी अप्रत्याशित कारण से हो। हालांकि, वित्तीय खाता बंदी करने के लिए एक समय विस्तार पर, पीपीए में यथाउल्लिखित विस्तार शुल्कों का भुगतान होने पर, आरटीसी विद्युत उत्पादक के अनुरोध पर ही खरीदार द्वारा विचार किया जा सकता है। इस विस्तार का एससीडी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यदि कोई शुल्क का भुगतान किया गया हो तो, एससीडी के अंतर्गत सफल कमीशनिंग होने पर, इन्हें किसी प्रकार के ब्याज के बगैर आरटीसी विद्युत उत्पादक को लौटाया जाएगा।

13.4 यह माना गया है कि इन दिशानिर्देशों के क्लॉज 11.5 के अनुसार, प्रस्तुत करने के 60 दिनों के भीतर या विद्युत बिक्री करार (पीएसए) की तिथि से 120 दिनों के भीतर, जो भी अधिक हो, उपयुक्त आयोग द्वारा टैरिफ लागू किया जाएगा। तथापि, इन दिशानिर्देशों में निहित किसी भी बात के बावजूद, उपयुक्त आयोग द्वारा टैरिफ को अपनाने में किसी भी तरह की देरी, जो प्रस्तुत करने के 60 दिनों से अधिक या पीएसए के 120 दिनों में से जो भी अधिक हो, होने पर वित्तीय खाता बंदी में तद्नुसार विस्तार किया जाएगा।

14. प्रमोटर द्वारा धारित की जाने वाली न्यूनतम प्रदत्त शेयर पूंजी

14.1 सफल बोलीदाता, यदि वह एकल कंपनी है तो यह सुनिश्चित करेगा कि एसपीवी / पीपीए निष्पादित करने वाली परियोजना कंपनी में उसकी हिस्सेदारी, खरीदार की पूर्व स्वीकृति के अलावा, सीओडी (क्लॉज 16 में यथापरिभाषित) से 2 (दो) वर्ष से पूर्व किसी भी समय, 51% (इक्यावन प्रतिशत) से कम नहीं होगी। यदि सफल बोलीदाता एक समूह है, तो खरीदार की पूर्व सहमति के अलावा एसपीवी / पीपीए का निष्पादन करने वाली कंपनी में समूह के सदस्यों की संयुक्त हिस्सेदारी सीओडी से 2 (दो) वर्ष पूर्व किसी भी समय 51% से नीचे नहीं होगी। इसके अलावा, सफल बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि उसके प्रमोटर खरीदार की पूर्व अनुमति के अलावा सीओडी से 2 (दो) वर्ष तक बोली लगाने वाली कंपनी/समूह का नियंत्रण[2] नियंत्रण नहीं छोड़ेंगे। इस मामले में यह भी आवश्यक होगा कि सफल बोलीदाता, खरीदार के साथ पीपीए पर हस्ताक्षर करने से पूर्व अपने प्रमोटरों तथा उनकी शेयरधारिता के बारे में जानकारी प्रदान करे।

[[2] अभिव्यक्ति 'नियंत्रण' का तात्पर्य, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी कंपनी के 50% (पचास प्रतिशत) से अधिक वोटिंग शेयरों का स्वामित्व या अधिकतर निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार होगा।.]

14.2 सीओडी से 2 (दो) वर्ष की समाप्ति के बाद शेयरधारिता में किसी प्रकार के बदलाव को खरीदार को सूचना देकर किया जा सकता है।

14.3 यदि उत्पादक ऋणदाता(ओं) के समक्ष दिवालिया घोषित करे, तो ऋणदाता, खरीदारों की सहमति से "प्रमोटर का प्रतिस्थापन" करने के हकदार होंगे।

15. चालू करना

15.1 आंशिक रूप से चालू करना:

खरीदार को परियोजना का आंशिक रूप से चालू होना इस शर्त के साथ स्वीगकार्य होगा कि पहली बार और उसके बाद किसी बार में चालू होने वाली न्यूनतम क्षमता 100 मेगावाट होगी और इससे पीपीए में चालू नहीं हुए हिस्से के लिए जुर्माना लगाने के प्रावधान पर कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। लेकिन आंशिक रूप से चालू होने की वजह से एससीडी में फेरबदल नहीं होगा। आंशिक चालू या पूर्ण चालू होने की तिथियों पर ध्यान दिये बिना, एससीडी की तिथि या पूर्ण परियोजना क्षमता चालू होने की तिथि, जो भी बाद में हो, से 25 (पच्चीस) वर्ष की अवधि तक पीपीए लागू होगा।

15.2 शीघ्र चालू करना:

पारेषण कनेक्टिविटी और लॉंग टर्म एक्सेस (एलटीए) की उपलब्धता के अध्यधीन एससीडी से पूर्व भी, उत्पादक को परियोजना पूर्ण रूप से चालू करने तथा आंशिक रूप से चालू करने की अनुमति होगी। आंशिक रूप से शीघ्र शुरुआत के मामलों में, एससीडी तक, उत्पादक को खरीदारों के अलावा किसी अन्य संस्था को उत्पादित विद्युत की बिक्री करने की छूट होगी, बशर्ते कि मनाही का प्रथम अधिकार खरीदार के पास होगा। अनुरोध प्राप्ति के 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर खरीदार मना कर पाएंगे, जिसके बाद इसे मनाही मान ली जाएगी। एससीडी से पूर्व शीघ्र चालू किए जाने के मामलों में, खरीदार द्वारा पीपीए शुल्क पर उत्पादन की खरीद की जा सकेगी। शीघ्र आंशिक चालू किए जाने या शीघ्र पूर्ण रूप से चालू किए जाने के मामले में भी एससीडी से 25 (पच्चीस) वर्ष की अवधि तक पीपीए लागू रहेगा।

15.3 कमीशनिंग तथा आपूर्ति समय की शुरुआत:

(क) परियोजनाएं चालू की जाएंगी और वे विद्युत की आपूर्ति निम्नानुसार अवधि में शुरु की जाएंगी:

(i) 500 मेगावाट से कम परियोजना आकार के लिए पीपीए निष्पादन की तिथि से 18 (अठारह) माह;

(ii) 500 मेगावाट से अधिक परंतु 1000 मेगावाट से कम की परियोजना के लिए पीपीए के निष्पादन की तिथि से 24 (चौबीस) माह;

(iii) 1000 मेगावाट से बड़े आकार की परियोजना के लिए पीपीए निष्पादन की तिथि से 30 (तीस) माह;

(ख) तथापि, यदि किसी कारणवश, चालू होने के निर्धारित समय को दिशानिर्देशों में की गई व्यवस्था से कम रखने की आवश्यकता है, तो खरीदकर्ता ऐसा कर सकता है।

(ग) यह मान लिया जाता है कि इन दिशानिर्देशों के क्लॉज 11.5 के संदर्भ में उपयुक्त आयोग द्वारा प्रस्तुति के 60 दिनों या विद्युत विक्रय समझौता (पीएसए) की तिथि से 120 दिनों, जो भी अधिक हो, के भीतर टैरिफ को अपनाया जाएगा। तथापि, इन दिशानिर्देशों में निहित किसी बात के बावजूद, उपयुक्त आयोग द्वारा टैरिफ को अपनाने में कोई देरी, जो प्रस्तुति के 60 दिन से ज्यादा या पीएसए के 120 दिन से ज्यादा, जो भी अधिक हो, के कारण चालू करने के समय में या विद्युत की आपूर्ति की तिथि में तदनुसार विस्तार किया जाएगा।

15.4 चालू होने में देरी तथा विद्युत आपूर्ति की शुरुआतः

निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद चालू करने और विद्युत आपूर्ति की शुरुआत में देरी की स्थिति में उत्पादक पर दंड लगाया जाएगा, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

(**क**) एससीडी से **6** (छह) माह तक चालू होने में देरी पर, चालू नहीं हुई क्षमता के अनुपात में और प्रतिदिन आधार पर निष्पादन बैंक गारंटी या वैकल्पिक साधनों को भुनाना।

(**ख**) एससीडी से छह माह के अधिक समय से चालू होने में देरी पर, इन दिशानिर्देशों के क्लॉज **7.6.1** के अनुसार उत्पादक द्वारा चूक किया गया माना जाएगा और अनुबंधित क्षमता को एससीडी **+ 6** (छह) माह तक चालू की गई परियोजना क्षमता तक घटाया जाएगा। चालू नहीं की गई शेष क्षमता के लिए पीपीए निरस्त कर दिया जाएगा।

16. वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी):

वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) वह होगी जिस तिथि से आरई विद्युत परियोजना की पूर्ण क्षमता या आरई विद्युत परियोजना की अंतिम हिस्सा क्षमता को सफलतापूर्वक चालू करने पर, जैसा भी मामला हो, कमीशनिंग प्रमाणपत्र जारी किया जाता है।

17. पारेषण कनेक्टिविटी

17.1 सीटीयू के स्वामित्व वाली पारेषण प्रणाली तक पारेषण कनेक्टिविटी और पहुंच प्राप्त करने की जिम्मेवारी उत्पादक पर होगी और उसी के खर्च पर होगी।

17.2 मीटरिंग पॉइंट, जो वे पॉइंट होते हैं जिन पर खरीदार को आपूर्ति की जाने वाली विद्युत को नापा जाएगा, वे सीटीयू सबस्टेशन के कम वोल्टेज बस बार होंगे। आरई पार्कों के मामले में, मीटरिंग पॉइंट अंतिम निकासी सीटीयू सबस्टेशन है जिसके साथ सभी पूलिंग सबस्टेशनों से आंतरिक पारेषण को जोड़ा जाता है। व्हिलिंग शुल्क और परियोजना तथा मीटरिंग पाइंट के बीच के नुकसान सहित सभी खर्च का भुगतान उत्पादक द्वारा खरीदार से किसी प्रकार की प्रतिपूर्ति के बगैर किया जाएगा। व्हिलिंग चार्जेज और नुकसान समेत मीटरिंग प्वाइंट से आगे के ट्रांसमिशन और वितरण जैसे तमाम खर्चों का भुगतान खरीदार करेगा। सीटीयू द्वारा खर्चों को उनकी क्षमता के अनुपात में या बुनियादी ढांचे का साझा उपयोग करते हुए परियोजना के मानकीय उत्पासदन के अनुसार सीधे परियोजना के बिलों में शामिल किये जाने की व्यनवस्था् की जाएगी या फिर पार्क डेवलपर के पक्ष में बिल बनाया जाएगा जो इसकी सीधी वसूली खरीदार से करेगा या उत्पादक से करेगा जिसके लिए उत्पादक खरीदार से प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकता है।

18. तकनीकी विशिष्टताएं

परियोजनाओं को पूरा करने और टेक्नोललाजी संबंधी जोखिमों को कम करने के लक्ष्ये को प्राप्तफ करने के लिए खरीदार वाणिज्यिक रूप से सुस्थाापित और कार्यरत प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देगा। चयनित की जाने वाली सौर पीवी / पवन / हाइब्रिड विद्युत परियोजनाओं के लिए विस्तारित तकनीकी विशिष्टताएं, एमएनआरई द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट किए गये अनुसार होंगी।

19. दिशानिर्देशों में परिभाषित प्रक्रिया से विचलन

इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य प्रक्रियाओं में मानकीकरण और एकरूपता लाना है ताकि खरीदारी में ईमानदारी और पारदर्शिता हो। इस तरह, इन दिशानिर्देशों का बोली प्रक्रिया में सख्ती से पालन किये जाने की आवश्यकता है और विद्युत अधिनियम की धारा 63 के तहत कोयला आधारित तापीय विद्युत परियोजनाओं से परिपूरित/ संतुलित ग्रिड संबद्ध अक्षय ऊर्जा (आरई) विद्युत परियोजनाओं से चौबीसो घण्टे विद्युत प्राप्त करने संबंधी किसी बोली को इन दिशानिर्देशों के विपरीत जारी नहीं किया जाएगा। तथापि, यदि खरीदार के लिए इन दिशानिर्देशों से/या एसबीडी से विचलन आवश्यक हो जाता है, तो यह बोली प्रक्रिया की शुरुआत होने से पूर्व ही उपयुक्त आयोग द्वारा अनुमोदन के अधीन होगा। उपयुक्त

आयोग, ऐसी याचिका दायर करने के 60 (साठ) दिनों के यथोचित समय के भीतर बोली दस्तावेजों को अनुमोदित करेगा या उनमें संशोधन की जरूरत बताएगा।

20. मध्यस्थता

इस स्थिति में यदि सीईआरसी उपयुक्त आयोग है, तो टैरिफ में बदलाव का दावा करने या टैरिफ निर्धारित करने या कोई टैरिफ संबंधी मामले, या ऐसे मामले जिनसे आंशिक रूप से या पूर्ण रूप से टैरिफ में बदलाव हो सकते हैं, के संबंध में विवाद होने पर पर सीईआरसी फैसला करेगा। अन्य सभी विवादों का समाधान भारतीय मध्यस्थता एवं समाधान अधिनियम, 1996 के तहत किया जाएगा। यदि एसईआरसी / जेईआरसी उपयुक्त आयोग हो, तो सभी विवादों पर एसईआरसी/जेईआरसी द्वारा निर्णय किया जाएगा अथवा एसईआरसी / जेईआरसी द्वारा मध्यस्थता के लिए भेजा जाएगा।

21. दिशानिर्देशों के बारे में स्पष्टीकरण और संशोधन

यदि इन दिशानिर्देशों के प्रावधानों को लागू करने में या दिशानिर्देशों की व्याख्या में या दिशानिर्देशों के संशोधन में किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होती है, तो नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री के अनुमोदन से विद्युत मंत्रालय को ऐसा करने की शक्तियां है। इस संबंध में निर्णय सभी संबधित पक्षों पर बाध्यकारी होगा।

22. अक्षय खरीद बाध्यता (आरपीओ)

इस योजना के तहत खरीदे गए अक्षय ऊर्जा उपकरण [आरई स्रोतों से चार्ज की गई ऊर्जा भंडारण प्रणाली (ईएसएस)] आरपीओ अनुपालना के पात्र होंगे। यदि आरई विद्युत में सौर और गैर-सौर दोनों घटक हैं, सौर तथा गैर-सौर के बीच विभाजन हाईब्रिड संयंत्रों के मामले में अपनाए गए सिद्धांत के अनुसार होगा।

23. आईएसटीएस शुल्क और हानियां

विद्युत के पारेषण के संबंध में आईएसटीएस शुल्क और हानियां व अक्षय ऊर्जा विद्युत के लिए माफी वर्तमान विनियमनों के तहत होगी।

घनश्याम प्रसाद, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF POWER

RESOLUTION

New Delhi, the 22nd July, 2020

Guidelines for Tariff Based Competitive Bidding Process for Procurement of Round-The Clock Power from Grid Connected Renewable Energy Power Projects, complemented with Power from Coal Based Thermal Power Projects.

No. 23/05/2020-R&R.—1. PREAMBLE

1.1 Background

1.1.1 In order to facilitate grid connected solar power, the first phase of National Solar Mission provided for a scheme of "bundling" wherein, the then relatively expensive solar power was to be bundled with cheaper thermal power from the unallocated quota of the Government of India (Ministry of Power), generated at NTPC coal based stations.

1.1.2 With the intervention of Government of India, the risks associated with solar and wind power sector have been brought down by way of advance arrangement of land and evacuation through solar parks, green energy corridors, a secure and standardized Power Purchase Agreement (PPA) for 25 years with elaborate mechanism for risk apportionment and compensations, payment security, etc.

1.1.3 Such de-risking of renewable energy (RE) sector, coupled with advancement of technologies and economies of scale have resulted in bringing down the tariffs in solar and wind power sector thereby aiding in rapid deployment of solar and wind capacity in the country.

1.1.4 However, the intermittent and unpredictable nature of renewable energy and low capacity utilization of the transmission system need to be addressed. The problem will get pronounced with the addition of large scale renewable capacity. In order to manage the infirm nature of power, electricity distribution companies (DISCOMs) are procuring balancing power to provide grid stability and to meet its requirements during hours /periods of non-availability of renewable energy (RE).

1.1.5 The developments in renewable energy sector and the necessity to address the issues of intermittency, limited hours of supply and low capacity utilization of transmission infrastructure presentsa case for "bundling", wherein coal based thermal power is bundled with renewable energy, and provided round-the-clock to the distribution company (DISCOM).In other words, thermal power can be utilized to balance renewable energy and provide round the clock (RTC) power to the DISCOM thereby obviating the need for DISCOMs to balance power.

1.1.6 Section 61 & 62 of the Electricity Act, 2003, provide for tariff regulation and determination of tariff of generation, transmission, wheeling and retail sale of electricity by the Appropriate Commission. Further, section 63 of the Act states that –

"Notwithstanding anything contained in section 62, the Appropriate Commission shall adopt the tariff if such tariff has been determined through transparent process of bidding in accordance with the guidelines issued by the Central Government."

1.1.7 Promotion of competition in the electricity industry in India is one of the key objectives of the Electricity Act, 2003 (**'Act'**). Power purchase costs constitute the largest cost element for distribution licensees. Competitive procurement of electricity by the distribution licensees is expected to reduce the overall cost of procurement of power and facilitate development of power markets. Internationally, competition in wholesale electricity markets has led to reduction in prices of electricity and in significant benefits for consumers.

1.1.8 These Guidelines are being issued under section 63 of the Act to enable procurement of Round-The-Clock (RTC) power by DISCOMs from grid-connected Renewable Energy (RE) power projects, complemented/balanced with power from coal based thermal power projects, through tariff based competitive bidding process.

1.2 Objectives

1.2.1 The specific objectives of these Guidelines are as follows:

(a). To provide Round-The-Clock (RTC) power to the DISCOMs fromrenewable energy sources complemented/balanced with coal based thermal power;

(b). To facilitate renewable capacity addition and fulfilment of Renewable Purchase Obligation (RPO) requirement of DISCOMs;

(c). To provide a transparent, fair, standardized procurement framework based on open competitive bidding with appropriate risk-sharing between various stakeholders to enable procurement of power at competitive prices in consumer interest, improve bankability of projects and ensure reasonable returns to the investors; and

(d). to provide for a framework for an Intermediary Procurer as an Aggregator/Trader for the inter-state/ intra-state, long-term, sale-purchase of power.

2. SCOPE OF THE GUIDELINES

2.1 Applicability of Guidelines:

These Guidelines are being issued under the provisions of Section 63 of the Electricity Act, 2003 for long term procurement of electricity by the 'Procurers', on Round-The Clock (RTC) basis, from ISTS-connected Renewable (RE) Power Projects (**'RE Projects'**), complemented/balanced with power from coal based ISTS-connected Thermal Power Projects (**'Thermal Projects'**), through competitive bidding.

2.2 Explanations:

(a). 'Solar': The term 'Solar', wherever used in these Guidelines, shall refer to Solar Photovoltaic (PV) technology or the power plant based on such technology.

(b). 'Renewable (RE) Power': The term 'RE Power', or 'Renewable Power', or 'Renewable Energy Power', wherever used in these Guidelines, shall refer to power from Solar Power Generating Systems, Wind Power Generating Systems, or a combination thereof, with or without Energy Storage System (ESS), commissioned in pursuance of bidding process under these Guidelines. It is clarified that ESS charged using a source other than RE power would not qualify as RE power.

(c). 'Thermal Power':

(i) The term 'Thermal Power', wherever used in these Guidelines, shall refer to power from coal based Thermal Power Generating Systems. Such generating systems shall include thermal power plants which are already, partly or fully, commissioned before the issuance of bids or are under construction at the time of issuance of bids, but have spare generation capacity that can be made available for long-term supply of RTC Power under these Guidelines.

(ii) Thermal Power plants based on both domestic and imported coal can participate,however, whether the fuel is domestic coal or imported coal, needs to be clearly stipulated beforehand in the (Request for Selection) RfS document.

(iii) The '**spare capacity**', referred in clause 2.1.2(c)(i) above, is that capacity of a thermal power generating system that is unencumbered from any power supply commitments or power purchase agreements and is available for augmenting the proposed RE power under these Guidelines.

(d). 'RTC Power Generator' (RTC-PG):

(i). The term 'RTC Power Generator' (RTC-PG) or 'Generator', wherever used in these Guidelines, shall refer to a generator and supplier of RE Power complemented with Thermal Power, in Round-The-Clock manner.

(ii). The generator shall set-up generating system(s) for supply of RE Power. The generator shall also complement/ balance the RE Power through supply of thermal power from thermal generating system(s).

(iii). In order to ensure that the 'spare capacity' of thermal power has been tied up by the bidders, the bidders have to submit, at the time of bid submission, verifiable proof of such tie-up and the availability of spare capacity of thermal power, in the thermal power plant so tied up. Such proof shall be in the form of a Board Resolution, signed by the authorized representative of the Board of Directors of the company owning such thermal plant being proposed for tie-up, duly notarised on a Rs 100/- non-judicial stamp paper. Alternatively, the generator can form a consortium or joint venture with owners of the thermal power plant(s).

(iv). A thermal power generator cannot tie up with more than one bidder, for the same 'spare capacity'. Only when a bid has been concluded and the said spare thermal power capacity is not part of the successful bid, that such thermal capacity can be tied up for participation in other tenders. However, multiple spare capacities of the same thermal power plant can be tied up with different bidders in the same tender.

(v). An entity, for the purpose of participation in bids under these Guidelines, may tie up with multiple 'spare capacities' of different thermal power plants, and submit a single bid for the same, in a particular tender.

(vi). Irrespective of the contractual arrangement between the RE Power Generator and Thermal Power Generator, all the generator related liabilities, under these Guidelines and the PPA thereunder, shall be of the entity signing the PPA, and recognised as 'RTC Power Generator' (RTC-PG).

(e). 'RE Park': The term 'RE Park', wherever used in these Guidelines, shall refer to areas or parks developed, in accordance with the Guidelines issued by Central or State Governments, for setting-up of renewable energy power projects, including Solar-Wind Hybrid Power projects.

(f). '**Procurer**': The term 'Procurer', as the context may require, shall mean the distribution licensees, or the Authorized Representative(s), or an Intermediary Procurer.

(g). '**Authorised Representative' of the Procurer:** In cases, where the Power Purchase Agreement (PPA) signing agency and the agency carrying out the tendering / bidding process are different, the agency carrying out the tendering / bidding process shall deemed to be the Authorized Representative of the 'Procurer' and shall,on behalf of the Procurer, be responsible for fulfilling all the obligations imposed on the 'Procurer' during the bidding phase, in accordance with these Guidelines.

(h). 'Intermediary Procurer' & 'End Procurer':

(i). In some cases, an intermediary, as designated by Ministry of New and Renewable Energy, Government of India, or a State Government, may be required between the distribution licensees and the generator either to aggregate the power purchased from different RTC Power Generators and sell it to the distribution licensee(s), or to enhance the credit profile, or both. In such cases, the "Procurer" would be a trader, buying power from the RTC Power Generators and selling the same to one or more distribution licensees. In such cases,the distribution licensees shall be the "End Procurer" and the trader shall be "Intermediary Procurer" for the purpose of these Guidelines.

(ii). The Intermediary Procurer shall enter into a Power Purchase Agreement (PPA) with the RTC Power Generator and also enter into a Power Sale Agreement (PSA) with the End Procurer. The PSA shall contain the relevant provisions of the PPA on a back to back basis. Trading margin, of Rs. 0.07/kWh shall be payable by the End Procurer to the Intermediary Procurer.

(iii). As long as the Intermediary Procurer has followed these Guidelines for procurement of power, the End Procurer shall be deemed to have followed these Guidelines for procurement of power.

2.3 Unless explicitly specified in these Guidelines, the provisions of these Guidelines shall be binding on the Procurer/ Intermediary Procurer/ End Procurer and the Authorised Representative of the Procurer and the same need to be strictly followed for such bidding to be considered under section 63 of the Electricity Act. However, in case it becomes imperative to deviate from the provisions of these Guidelines, the process to be adopted in is specified in clause 19 of these Guidelines.

2.4 Principles outlined in these Guidelines may be suitably expanded and made exhaustive in the Standard Bidding Documents [consisting of Model Request for Selection (**RfS**) Document, Model Power Purchase Agreement and Model Power Sale Agreement].

3. PREPARATION FOR INVITING BID AND PROJECT PREPAREDNESS

3.1 Conditions to be met by Procurer

The Procurer shall meet the following conditions:

3.1.1 Bid Documentation:

(a). Prepare the bid documents in accordance with these Guidelines and any Standard Bidding Documents (**SBDs**) [consisting of Model Request for Selection (**RfS**) Document, Model Power Purchase Agreement and Model Power Sale Agreement], notified by the Central Government, except as provided in sub clause 3.1.1(b) below.

(b). Seek approval of the Appropriate Commission for deviations, if any, in the draft RfS draft PPA, draft PSA (if applicable) from these Guidelines and/ or SBDs, in accordance with the process described in clause 19 of these Guidelines.

(i). However, for purpose of clarity, if the Procurer while preparing the draft RfS, draft PPA, draft PSA and other Project agreements provides detailed provisions that are consistent with the Guidelines, such detailing will not be considered as deviations from these Guidelines even though such details are not provided in the Guidelines.

3.2 Arrangements related to site

3.2.1 In case the Procurer does not specify a site for RE Project and the RE Project site is selected by the RTC Power Generator, to ensure timely completion and commencement of supply of power, the bidder would be required to submit documents in respect of matters as mentioned below, as per the time schedule specified in the bidding documents:

(a). Land acquisition: Submission of documents/ Lease Agreement to establish possession/ right to use 100% (hundred per cent) of the required land in the name of the RTC Power Generator for a period not less than the complete term of the PPA, on or before the **Scheduled Commencement-of-Supply Date (SCSD)**. Wherever leasing of private land is involved, the lease should allow transfer of land lease rights to the lenders or Procurer, in case of default of the RTC Power Generator.

(b). A letter from Central Transmission Utility (CTU) [or RE Park Developer, in case of selected site being a RE Park] confirming technical feasibility of connectivity of the plant to CTU substation. If the Project site is located in the same State as the Procurer/End Procurer, State Govt. shall endeavor to provide necessary support to facilitate the connectivity of the plant to CTU substation.

(c). Obtaining all other clearances, prior to Project commissioning, as required for project execution, shall be the responsibility of the Generator and the Procurer shall not be responsible in case of delay in obtaining the above clearances.

4. ENERGY MIX

4.1 The Generator shall supply despatchable RE Power complemented with Thermal Power, in Round-The-Clock manner, keeping at least 85% availability annually and also at least 85% availability during the peak hours. Peak hours will be four hours out of 24 hours and clearly specified by the Procurer beforehand in the Bidding Documents.

4.2 The Generator has to offer power such that at least 51% of the annual energy offered corresponds to RE Power, and the balance is offered from thermal sources.

4.3 The Generator can combine storage for ensuring that it achieves the required minimum annual availability of 85%. However, annually minimum 51% of energy shall be offered from renewableenergy sources. This 51% shall also include offer from the storage system, provided RE sources were used to store energy in the storage system.

5. TARIFF

5.1 Acomposite single tariff for renewable energy, complemented with thermal energy shall be quoted by the bidders (the "**Composite Tariff**").

5.2 The Composite Tariff shall be quoted at the Delivery Point which shall be at the CTU interconnection point. While different components of RTC power i.e. solar, wind and thermal can be connected with CTU/Inter State Transmission System (ISTS) at different CTU sub-stations, for better Grid balancing they shall be connected within the same RLDC area.

5.3 Thecostof thermal power varies with the price of coal, operation and maintenance cost etc.

5.4 Thus, to accommodate such variations in cost in the entire energy mix, 25% of the Composite Tariff shall be indexed and adjusted, with the index of domestic coal or the imported coal, as the case may be, as notified by Central Electricity Regulatory Commission (CERC) from time to time. This shall be clearly mentioned in RfS document by the Procurer.

5.5 After adjusting for indexation, the Renewable energy supplied shall be paid at indexed Composite Tariff based on the offered RE Power capacity. For Thermal component of power, 50% of the indexed Composite Tariff shall deemed to be the Thermal Fixed Charge Tariff and 50% of the indexed Composite Tariff shall deemed to be the Thermal Variable Charge Tariff. The Fixed Charge shall be paidbased on the offered thermal capacity at Thermal Fixed Charge Tariff, (50% of indexed Composite tariff), whereas the Variable Charge shall be paid to the extent of thermal energy dispatched, at Thermal Variable Charge Tariff (50% of indexed Composite tariff).

6. BID STRUCTURE

6.1 Bids in Power Terms: The Procurer shall invite the bids in Power Capacity (MW) terms, specifying the total quantum to be contracted by the procurer.

6.2 A bidder can quote for a part of the total quantum to be procured by the procurer. The minimum quantum of power that can be offered by the bidder should be 250 MW in order to have economies of scale and considering the suitability of coupling with ISTS. Since a bidder can tie up with more than one thermal plant for his RE Project, thermal capacities even much smaller than 250 MW can be utilized. Notwithstanding this, on due consideration of availability of land and transmission facility, smaller minimum quantum of power that can be offered by a bidder can be kept in case of North-Eastern States, Special Category States and Projects outside RE Parks but this should be clearly provided for beforehand in the Bidding documents.

6.3 In order to have advantages of economies of scale and optimum utilization of resources, there may not be any maximum limit on the quantum of power that can be allocated to a single bidder in a tender.

6.4 Tariff as the Bidding Parameter: The bidding parameter shall be the CompositeTariff for per unit supply of RTC powerquoted by the bidder. The Procurer shall invite bids wherein the bidder shall quote the first year Composite Tariff in Rs./kWh,. The bidder shall be selected on the basis of least quoted **'**Composite Tariff'. The bidder (called the L1 bidder) quoting the least Composite Tariff (called the L1 tariff) shall be allocated the quantum of power offered by him. If the allocated quantum of power is less than the total quantum of power to be contracted, the remaining qualified bidders will be asked to match their Composite Tariff with the L1 tariff. The originally lowest bidder that agrees to match the L1 tariff shall be allocated the remaining quantum or the quantum offered by it, whichever is lower. If still some quantum is left, it will be allocated to the next originally lowest bidder and so on.

6.5 Bid submission and evaluation:

(a). Formation of consortium by bidders shall be permitted, in which case the consortium shall identify a lead member which shall be the contact point for all correspondences during the bidding process. The Procurer may specify technical and financial criteria, and lock in requirements for the lead member of the consortium.

(b). The Procurer shall constitute committee for evaluation of the bids (Evaluation Committee), with at least three members, including at least one member with expertise in financial matters / bid evaluation.

(c). The bidders may be required to submit non-refundable processing fee and/ or project development fee as specified in the RfS document.

(d). The bidders shall be required to submit separate technical and price bids. The bidders shall also be required to furnish necessary bid-guarantee in the form of an Earnest Money Deposit (EMD) along with the bids.

(e). The technical bids shall be evaluated to ensure that the bids submitted meet the eligibility criteria set out in the RfS document on all evaluation parameters. Only the bids that meet the evaluation criteria set out in the RfSdocument shall be considered for further evaluation on the price bids.

(f). To ensure competitiveness, the minimum number of qualified bidders should be two. If the number of qualified bidders is less than two, even after three attempts of bidding, and the Procurer still wants to continue with the bidding process, the same may be done with the consent of the Appropriate Commission.

(g). The price bid shall be rejected, if it contains any deviation from the tender conditions. No clarifications shall normally be requested from bidders at price bid stage.

(h). The detail procedure for evaluation of the bid and selection of the bidder shall be provided for in the RfS document.

7. POWER PURCHASE AGREEMENT

The draft PPA proposed to be entered into with the successful bidder and draft PSA (if applicable) shall be issued along with the RfS. Standard provisions to be incorporated as part of this PPA shall include *inter alia* the following, which may be suitably expanded, and which, unless otherwise specified herein, shall be provided for, on a back to back basis in the PSA:

7.1 PPA Period: As the PPA period influences the tariff by determining the period over which the investment is returned to the investor/ RTC-PG, longer PPA is favoured for lower tariffs. The PPA period should thus be not less than 25 (twenty-five) years from the date of the **Scheduled Commencement-of-Supply Date (SCSD)**. The PPA may also be fixed for a higher period such as 35 (thirty-five) years, but in any case, the duration of the PPA must be mentioned upfront in the PPA document. The Generators are free to operate their plants after the expiry of the PPA period in case the arrangements with the land and infrastructure owning agencies, the relevant transmission utilities and system operators so provide.

7.2 Power Procurement

(a). The procurement shall be in power (MW) terms. The Generator has to ensure at least 85% availability, both annually and also during the peak hours. Peak hours will be four hours out of 24 hours during either morning and/or evening to be clearly specified beforehand in the Bidding Documents by the Procurer.

(b). It is to be noted that the summation of generation schedule of RE Power and Thermal Power cannot be more than Contracted Capacity in any time block. However, the summation of capacities of thermal power plants supplying power to complement the RE power may be higher than the Contracted Capacity. Therefore, the Generator may apply and be granted Long Term Access (LTA) based on the project capacity of each component.

(c). In order to allow optimization of operation of RE and Thermal Power Generating Systems, the Generator is allowed to supply power from the thermal power plant in excess of contracted capacity, to any third party or power exchange without requiring any No-Objection Certificate (NOC) from the Procurer. The Generator may also sell the power which was offered to procurer (within Contracted Capacity) but not scheduled by Procurer, to any third party or power exchange without requiring NOC from the Procurer on day ahead basis.

(d). In case the project availability is less than 85% on annual basis, or during the peak hours as defined above, for reasons attributable to RTC Power Generator, the Generator shall be liable to pay to the Procurer, penalty for such shortfall in availability. The amount of such penalty will be 25% (twenty-five per cent) of the cost of this shortfall in energy terms, calculated atthe maximum indexed composite tariff payable during the year.

(e). Further, the Generator shall also be liable for penalty for any shortfall in offering RE power below the mandatory 51% of the total power offeredin a contract year, for reasons solely attributable to Generator. The penalty corresponding to this shortfall in RE power shall be calculated at 25% of the maximum indexed composite tariff payable during the year for each unit of shortfall.

(f). In case having both shortfall in availability below 85% and shortfall in offering RE power below 51% of the total power offered, the maximum of two penalties shall be applicable, but not both,

(g). The scheduling and its punching thereof at different Regional Load DespatchCentres (RLDCs) / State Load DespatchCentres (SLDCs) (including the injecting, intervening and buyer SLDCs/ RLDCs) shall be the responsibility of Generator only.

(h).Total generation from the REsources shall follow "Must run" and generation from Thermal sources would follow the **Merit-Order of dispatch**, based on its indexedVariable Charges.

(i). Deviation Settlement Mechanism (DSM): For deviations from schedule, the DSM (Deviation Settlement Mechanism) shall be applicable as per the prevailing regulations. For RE component of the total power supplied, DSM as per RE regulations shall be applicable, and for thermal component, the DSM as per regulations applicable to thermal power plants shall be applicable. The DSM charges at the generator ends shall be settled by the RTC power generator.

7.3 Payment Security

The Procurer shall provide adequate payment security measures, as specified below.

7.3.1 Scenario 1: Direct Procurement by Procurer from Generator:

The Procurer shall provide payment security to the Generator through:

(i). Revolving Letter of Credit (LC) of an amount not less than 1 (one) months' average billing for the Project under consideration;

OR

(ii). Payment Security Fund, which shall be suitable to support payment for at least 3 (three) months' billing of all the Projects tied up with such fund;

(iii). In addition to payment security as per clauses 7.3.1(i) and 7.3.1(ii) above, the Procurer may also choose to provide **State Government Guarantee**, in a legally enforceable form, ensuring that there is adequate security to the Generator, both in terms of payment of energy charges and termination compensation if any.

7.3.2 Scenario 2: Intermediary-Procurer procures from the Generator and sells to the End Procurer:

7.3.2.1 Payment Security by Intermediary Procurer to the Generator:

The Intermediary Procurer shall provide payment security to the Generator through:

(i). Revolving Letter of Credit (LC) of an amount not less than 1 (one) months' average billing for the Project under consideration;

OR

(ii). Payment Security Fund, which shall be suitable to support payment of at least 3 (three) months' billing of all the Projects tied up with such fund.

7.3.2.2 Payment Security by End Procurer to Intermediary Procurer:

(a). The End Procurer shall provide payment security to the Intermediary Procurer through:

(i). Revolving Letter of Credit (LC) of an amount not less than 1 (one) months' average billing for the Project(s) under consideration;

OR

(ii). State Government Guarantee, in a legally enforceable form, such that there is adequate security, both in terms of payment of energy charges and termination compensation if any. *[for the purpose of this clause, the Tri-Partite Agreement (TPA) signed between Reserve Bank of India, Central Government and State Government shall qualify as State Government Guarantee covering the security for payment of energy charges].* The Intermediary Procurer shall ensure that upon invoking this guarantee, it shall at once, pass on the same to the Generator, to the extent the payments to the Generator in terms of the PPA are due. Provided that in cases where the End procurer is neither covered by Tri-Partite Agreement (TPA) nor is able to provide the State Government Guarantee, following shall be adopted by the Intermediary Procurer in their PSA:

Provision for payment of additional risk premium of Rs 0.10/kWh, by End Procurer to the Intermediary Procurer, and to be credited to the payment security fund maintained by the Intermediary Procurer, to meet such exigencies.

(iii). In addition to payment security as per clauses 7.3.2.2(a)(i) and 7.3.2.2(a)(ii) above, the End Procurer may also choose to provide **Payment Security Fund,** which shall be suitable to support payment of at least 3 (three) months' billing of all the Projects tied up with such fund.

(b). It is hereby clarified that the State Government guarantee shall be invoked only after the Intermediary Procurer has been unable to recover its dues under the PPA by means of the Letter of Credit and the Payment Security Fund, if any.

7.4 Force Majeure

